# बुलेट ट्रेन का सपना हो रहा साकार

## मुंबई- अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना मार्च 2028 तक हो जाएगी पूरी, तेजी से चल रहा है काम

ध्रुवाक्ष साहा

सड़कों पर कम भीड़-भाड़ के दिन भी किसी दक्ष चालक को मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में इस पार से उस पार जाने में अमूमन 30 मिनट लग जाते हैं। जिस दिन सड़कों पर भीड़ एवं गाड़ियों की आवाजाही अधिक रहती है उस दिन तो मानों सफर करने वालों पर पहाड़ टूट पड़ता है। हां, इस बात की दाद जरूर देनी होगी कि मुंबई के लोग सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतार में भी अपना धैर्य नहीं खोते हैं।

शोर-गुल से दूर एक किलोमीटर लंबी जमीन का टुकड़ा है जिस पर रोजाना 800 लोग काम करने आते हैं। यह जगह भारत में तेज रफ्तार से चलने वाली बुलेट ट्रेन का उद्गम स्थान बनेगी। जहां मुंबई- अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) गलियारे के लिए निर्धारित स्टेशन के लिए खुदाई चल रही हैं वहां से थोड़ी ही दूर पर काम करने वाले एक वेंडर सतीश कहते हैं, 'यही वह जगह है जहां बुलेट ट्रेन रुकेगी।' सतीश ने कहा कि उन्हें मालूम ही नहीं था कि इस जगह पर बुलेट ट्रेन के लिए स्टेशन तैयार हो रहा है!

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन के निर्माण कार्य से लोगों को कोई खास परेशानी नहीं हो रही है। इसका एक कारण यह भी है कि मुंबई में अक्सर यत्र-तत्र खुदाई का काम चलता ही रहता है।

इस स्थान के अगल-बगल से गुजरने वाले लोगों को निर्माण कार्यों की झलक नहीं मिलती है मगर जहां खुदाई चल रही है वहां से प्रति दिन 500 ट्रक खुदाई के बाद जमा हुई मिट्टी एक निर्धारित जगह पर जमा करते हैं। जमीन से 32 मीटर नीचे तक खुदाई चलती रहेगी। मेघा इंजीनियरिंग ऐंड इन्फ्रास्ट्रकचर्स लिमिटेड (एमईआईएल) और हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) के कंसोर्टियम ने इस गहराई के नौवें हिस्से तक खुदाई पूरी कर ली है। इन दोनों कंपनियों के संयुक्त उद्यम को पिछले साल मार्च में अनुबंध दिया गया था। 54 महीनों की निर्धारित समयसीमा के साथ मार्च 2028 तक काम पूरा किया जाना है।



### परियोजना एक नजर में

| | |
|---|---|
| ट्रेन की रफ्तार | 320 किलोमीटर प्रति घंटा |
| यात्रा में समय | 2.07 घंटे (सीमित स्टेशन)/ 2.58 घंटे (सभी स्टेशन) |
| स्टेशन | 12 (गुजरात में 8, महाराष्ट्र में 4) |
| परियोजना लागत | 1.08 लाख करोड़ रुपये (अब 1.70 लाख करोड़ रुपये) |
| लंबाई | 508 किलोमीटर |

जब 508 किलोमीटर लंबे एमएएचएसआर गलियारे के निर्माण की घोषणा हुई थी तो कहा गया था कि यह परियोजना 2022 तक पूरी हो जाएगी। मगर राजनीतिक मतभेद और तकनीकी कारणों से अब यह परियोजना पूरी होने में कम से कम छह वर्षों की देरी हो सकती है। परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है और इसके लिए जरूरी ढांचा तैयार करने का काम भी जोर-शोर से चल रहा है। अब यह लगने लगा है कि धीरे-धीरे ही सही मगर भारत में बुलेट ट्रेन चलने का सपना पूरा हो जाएगा।

पिछले साल नैशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन (एनएचएसआरसीएल) ने इस गलियारे के लिए 24 ई5 सीरीज की शिनकासेन रेलगाड़ियों के लिए अनुमानित 11,000 करोड़ रुपये की निविदा जारी की थी। जापान के साथ हुए भारत के समझौते के तहत इसमें केवल जापान की कंपनियों को ही बोली लगाने की अनुमति दी गई थी। एनएचएसआरसी के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार जापान की कंपनियों कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज और हिताची रेल 29 फरवरी को बोली लगाने की प्रक्रिया शुरू करेंगी और उम्मीद की जा रही है कि 2024 के मध्य तक ठेका दे दिया जाएगा। एनएचएसआरसी के प्रबंध निदेशक विवेक कुमार गुप्ता ने बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया कि केंद्र सरकार मुंबई और अहमदाबाद के बीच 2028 तक बुलेट ट्रेन का पूर्ण परिचालन करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

### बढ़ रही लागत

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2017 ने इस परियोजना को 'दिखावा' और 'गैर-जरूरी' बताया था। केंद्र की इस परियोजना का राजनीतिक विरोधियों ने यह कहते हुए विरोध जताया था कि यह केवल अमीर लोगों के काम आएगी। परियोजना में छह वर्षों की देरी होने के बाद अब लागत कम से कम 60,000 करोड़ रुपये बढ़ गई है।

अब केंद्र सरकार का कहना है कि वह फिलहाल नहीं बता सकती कि परियोजना पूरी करने पर कितनी लागत आएगी और यह कब तक पूरी हो पाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 9 फरवरी को राज्यसभा में एक लिखित बयान में कहा था, 'अनुबंध दिए जाने के बाद ही यह निश्चित तौर पर कहा जा सकेगा कि कितनी लागत आएगी और परियोजना कब तक पूरी हो पाएगी।' इस परियोजना की जानकारी रखने वाले सरकारी अधिकारियों एवं बड़े पदों पर बैठे लोगों ने कही कि लागत तो वाकई काफी बढ़ गई है। उनका कहना है कि सरकार संशोधित खर्च की समीक्षा उच्च-स्तरीय समिति और केंद्रीय मंत्रिमंडल से कराएगी।

बुलेट ट्रेन से सफर के लिए कितना किराया देना होगा इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है। इस पर निर्णय इस गलियारे पर परिचालन शुरू होने से पहले लिया जाएगा। मगर मोटे तौर पर यह माना जा रहा है कि यह परियोजना विशेषकर मुंबई और गुजरात के बीच यात्रा करने वाले रत्न एवं आभूषण व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों के लिए फायदेमंद होगा।

## भाजपा में शामिल हुए बसपा सांसद

**उत्तर** प्रदेश के आंबेडकर नगर संसदीय क्षेत्र से बसपा सांसद रितेश पांडेय ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर दिल्ली में भाजपा का दामन थाम लिया। बसपा प्रमुख मायावती को लिखे इस्तीफे की प्रति पांडेय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की। बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में रितेश पांडेय का जिक्र किए बिना अपनी पार्टी के सांसदों से पूछा कि 'क्या स्वार्थ में इधर-उधर भटकते नजर आ रहे लोगों को टिकट देना संभव है।' **भाषा**


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
Hamesha Aapke Liye

**प्रस्ताव हेतु अनुरोध**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा **"टर्नकी आधार पर 2 वर्षों की अवधि में 3.32 लाख पौधे लगाए जाने संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए विक्रेता के चयन"** के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) आमंत्रित करता है।

प्रस्ताव हेतु अनुरोध का विवरण बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** के निविदा खंड के तहत उपलब्ध है।

आरएफपी दस्तावेज में संशोधन सहित अन्य सूचना / शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, को केवल बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** पर अधिसूचित किया जाएगा। प्रस्ताव को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसका संदर्भ अवश्य लें।

उपरोक्त प्रस्ताव हेतु अनुरोध प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख **26.03.2024 को 14:30 बजे तक है।**

**स्थान: बड़ौदा**
**दिनांक: 26.02.2024**

**मुख्य महाप्रबंधक**
**ग्रामीण और कृषि बैंकिंग,**
**आरआरबी, आरसेटी, वित्तीय समावेशन और सीएसआर**

(136/23-24)



## छठे दौर की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना - पुंज लॉयड लिमिटेड (परिसमापन में)

**दिवालिया एवं ऋण अशोधन क्षमता संहिता, 2016 के अनुसार एक जारी रहने वाले प्रतिष्ठान के आधार पर कंपनी तथा कंपनी की वैकल्पिक सम्पत्तियों के विभिन्न सेट की बिक्री**

सार्वजनिक ई-नीलामी प्रक्रिया के जरिए नीचे सारणी में उल्लेखित विवरण के अनुसार एकल आधार पर सामूहिक आधार पर पुंज लॉयड लिमिटेड - परिसमापन में (**"कंपनी"**) की विभिन्न सम्पत्तियों की सेटों के साथ एक जारी रहने वाले प्रतिष्ठान के आधार पर कंपनी एवं कंपनी की कुछ सम्पत्तियों की बिक्री के लिए छठे दौर की ई-नीलामी की घोषणा। माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, मूल पीठ, नई दिल्ली के आदेश दिनांकित 27 मई, 2022 के अनुपालन के तहत कंपनी परिसमापन की प्रक्रिया से गुजर रही है। कंपनी की स्थापना वर्ष 1988 में हुई थी, यह एक विविधीकृत व्यवसायिक समूह है, जो इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (**"ईपीसी"**) के व्यवसाय में शामिल है, भारत और मध्य पूर्व के देशों में भौगोलिक उपस्थिति के साथ रक्षा क्षेत्र में विनिर्माण क्षमता के साथ-साथ ऊर्जा, सड़क और बुनियादी ढांचे में सेवाएं प्रदान करता है।

इच्छुक आवेदक कंपनी की वेबसाइट **http://www.punjlloydgroup.com/liquidation-docouments** तथा ई-नीलामी की वेबसाइट **https://ncltauction.auctiontiger.net** पर अपलोड किए गए विस्तृत सम्पत्ति बिक्री प्रक्रिया ज्ञापन (**"एएसपीएम"**) देख सकते हैं।

नीलामी बिक्री ई-नीलामी प्लेटफॉर्मः **https://ncltauction.auctiontiger.net** के जरिए संपादित की जाएगी।

छठे दौर की ई-नीलामी में बिक्री की जाने वाली कंपनी की प्रस्तावित सम्पत्तियों का विवरण नीचे उल्लेखित हैं:

| सम्पत्ति का सेट | सम्पत्ति का विवरण | बिक्री का प्रारूप | ई-नीलामी की तारीख एवं समय | आरक्षित मूल्य (रु.) | ईएमडी रकम (रु. में) एवं जमा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| **श्रेणी ए** | | | | | |
| सम्पत्ति सेट 1 | सम्पूर्ण रूप से पुंज लॉयड लिमिटेड की बिक्री ('एएसपीएम' में प्रदत्त कुछ सम्पत्तियों को छोड़कर) | एक जारी रहने वाला प्रतिष्ठान के आधार पर | 28 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 665.00 करोड़ | 10.00 करोड़ 25 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| सम्पत्ति सेट 2 | सम्पूर्ण रूप से पुंज लॉयड लिमिटेड की बिक्री (संपत्ति सेट 1 के अनुसार संपत्तियों को छोड़कर और लाइव मध्यस्थता मामलों के लिए कोई अग्रिम मूल्य नहीं और स्थानांतरण तिथि के बाद लाइव मध्यस्थता मामलों में शुद्ध प्राप्य को एससीसी और कंपनी के बीच 50:50 शेयरिंग अनुपात पर वितरित किया जाएगा। सम्पत्ति सेट 2 की अन्य शर्तें एएसपीएम में उल्लिखित हैं) | एक जारी रहने वाला प्रतिष्ठान के आधार पर | 28 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 533.00 करोड़ | 10.00 करोड़ 25 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| **श्रेणी बी*** | | | | | |
| सम्पत्ति सेट 3 | **पुंज लॉयड लिमिटेड के पुंज लॉयड एविएशन लिमिटेड में निवेश (इक्विटी, ऋण, अग्रिम तथा अन्य कोई भी बकाया रकम) की बिक्री | एकल आधार पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 18.00 करोड़ | 1.80 करोड़ 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| सम्पत्ति सेट 4 | **पुंज लॉयड लिमिटेड के पुंज लॉयड इंडस्ट्रीज लिमिटेड में निवेश (इक्विटी, ऋण, अग्रिम तथा अन्य कोई भी बकाया रकम) की बिक्री। ('एएसपीएम' में प्रदत्त पुंज लॉयड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की कुछ सम्पत्तियों को छोड़कर) | एकल आधार पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 92 लाख | 9.20 लाख 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| **श्रेणी सी*** | | | | | |
| सम्पत्ति सेट 5 | पुंज लॉयड लिमिटेड की मध्यस्था वाली सम्पत्तियों की बिक्री | सामूहिक आधार पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 308 करोड़ | 10 करोड़ 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| **श्रेणी डी*** | | | | | |
| सम्पत्ति सेट 6*** | बनमोर, मध्यप्रदेश में रखी हुई पुंज लॉयड लिमिटेड के संयंत्रों तथा मशीनरी की बिक्री | सामूहिक आधार पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 35.03 करोड़ | 3.50 करोड़ 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| सम्पत्ति सेट 7*** | बनमोर, मध्यप्रदेश में स्थित पुंज लॉयड लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि, भवन एवं संयंत्र तथा मशीनरी की बिक्री | सामूहिक आधार पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 68.85 करोड़ | 6.88 करोड़ 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| सम्पत्ति सेट 8 | विजयदुर्ग, महाराष्ट्र में पुंज लॉयड लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि की बिक्री | एकल आधार पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 9.07 करोड़ | 90 लाख 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| सम्पत्ति सेट 9 | वडोदरा, गुजरात में पुंज लॉयड लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि की बिक्री | एकल आधार पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 6.74 करोड़ | 67 लाख 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| सम्पत्ति सेट 10 | मेहसाणा, गुजरात में पुंज लॉयड लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि की बिक्री | एकल आधार पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 98 लाख | 9.80 लाख 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| सम्पत्ति सेट 11 | वकसाई, पुणे, महाराष्ट्र में पुंज लॉयड लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि की बिक्री | एकल आधार पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 19 लाख | 1.90 लाख 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| सम्पत्ति सेट 12 | जामनगर, गुजरात में पुंज लॉयड लिमिटेड के रिहायसी फ्लैट की बिक्री | एकल आधार पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 24 लाख | 2.40 लाख 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| सम्पत्ति सेट 13 | जामनगर, गुजरात में पुंज लॉयड लिमिटेड के रिहायसी फ्लैट की बिक्री | एकल आधार पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 24 लाख | 2.40 लाख 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |
| सम्पत्ति सेट 14 | बनमोर, मध्यप्रदेश में पट्टे पर भूमि तथा उस पर निर्मित भवन के संबंधित पट्टाधारण हित की बिक्री | एकल सामूहिक पर | 29 मार्च 2024 को 10.00 बजे भामास से 12.00 बजे भमास तक | 2.40 करोड़ | 24 लाख 26 मार्च, 2024 अथवा पहले |

*यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि एक बोलीदाता को श्रेणी ए के तहत संपत्ति सेट 1 या संपत्ति सेट 2 के लिए सफल बोलीदाता घोषित किया जाता है, यानी, कंपनी की बिक्री जारी रहने वाली कंपनी के आधार पर होती है, तो परिसमापक के पास श्रेणी बी, श्रेणी सी एवं श्रेणी डी क्रमशः के तहत सभी परिसंपत्ति सेटों की ई-नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, परिसमापक के पास ई-नीलामी के छठे दौर के तहत बिक्री की जा रही किसी भी या सभी श्रेणी (ओं) और/या संपत्ति के सेट की ई-नीलामी को रद्द करने का अधिकार भी सुरक्षित है।

**श्रेणी बी के तहत सम्पत्ति सेट 3 और सम्पत्ति सेट 4 के लिए, केवल एक योग्य बोलीदाता जिसने सम्पत्ति सेट 3 और सम्पत्ति सेट 4 दोनों के लिए संचयी आधार पर बोली जमा की है, उसे सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा।

***श्रेणी डी के तहत सम्पत्ति सेट 6 और सम्पत्ति सेट 7 के लिए बोलियां प्राप्त होने की स्थिति में, परिसमापक के पास सम्पत्ति सेट 7 के सफल बोलीदाता को सम्पत्ति सेट 6 पर वरीयता प्रदान करने का अधिकार सुरक्षित है।

इसके अलावा, आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016, यथा संशोधित, के प्रावधानों के अनुसार, संबंधित श्रेणी (श्रेणियों) और/या परिसंपत्ति (ओं) के सेट के लिए सभी इच्छुक बोलीदाताओं को 'एएसपीएम' में दिए गए अपेक्षित पात्रता दस्तावेज के साथ इच्छा की अभिव्यक्ति **12 मार्च, 2024** अथवा उसे पहले प्रस्तुत करना आवश्यक है।

परिसमापक के पास ई-नीलामी के छठे दौर में बेची जा रही किसी भी या सभी श्रेणियों और/या संपत्ति के सेट के लिए समयसीमा सहित बिक्री प्रक्रिया की प्रमुख शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है, जो कि लागू कानून और विनियम की अनुमेय सीमा तक हो। किसी भी या सभी श्रेणियों और/या संपत्ति के सेट के लिए बिक्री प्रक्रिया की समयसीमा के संबंध में किसी भी समयसीमा में संशोधन/विस्तार के बारे में कोई भी जानकारी कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी और पात्र/योग्य/सफल बोलीदाता(ओं) को सूचित की जाएगी।

इसमें शामिल कोई भी तथ्य कंपनी की संपत्तियों की बिक्री के लिए बाध्यकारी प्रस्ताव या प्रतिबद्धता नहीं होगी, जिसमें एक जारी रहने वाली कंपनी के आधार पर समग्र रूप से कंपनी की बिक्री भी शामिल है।

आगे के किसी भी तरह के स्पष्टीकरण के लिए कृपया श्री अश्विनी मेहरा से **LQ.PUNJ@in.gt.com** अथवा **Mehra.ashwini@gmail.com** पर अथवा श्री सुरेन्द्र राज गंग से **Surendra.raj@in.gt.com** (परिसमापन के पेशेवर सलाहकार के रूप में नियुक्त जीटी रिस्ट्रक्चरिंग सर्विसेस एलएलपी, आईपीई के प्रतिनिधि) से कृपया बिना किसी संशय के सम्पर्क करें।

**हस्ता/-**
**अश्विनी मेहरा**
परिसमापक
(पंजीयन सं.: IBBI/IPA-001/IP-P00388/2017-18/10706)
**पुंज लॉयड लिमिटेड - परिसमान में**
सुपुर्दगी के लिए प्राधिकार 23 मार्च 2024 तक वैध
**संचार का पताः**
श्री अश्विनी मेहरा, परिसमापक
**पुंज लॉयड लिमिटेड**
द्वारा श्री सुरेन्द्र राज गंग
जीटी रिस्ट्रक्चरिंग सर्विसेस एलएलपीएल-41, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001
ईः **LQ.Punj@in.gt.com**
**आईबीबीआई के साथ परिसमापक का पंजीकृत कार्यालय**
सी 1201, सालारपुरिया मैग्निफिसिया, ओल्ड मद्रास रोड, बंगलोर 560016
ईः **Mehra.Ashwini@gmail.com**

दिनांकः 26 फरवरी, 2024
स्थानः नई दिल्ली


# मोदी ने केबल पुल 'सुदर्शन सेतु' का किया उद्घाटन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अरब सागर में बेयट द्वारका द्वीप को मुख्य भूमि ओखा से जोड़ने वाले देश के सबसे लंबे केबल पर लटके पुल 'सुदर्शन सेतु' का गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में रविवार को उद्घाटन किया। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, 2.32 किलोमीटर लंबे इस पुल का निर्माण 979 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, जिसके बीच में 900 मीटर लंबा केबल वाला हिस्सा है और पुल तक पहुंचने के लिए 2.45 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई गई है।

चार लेन वाले 27.20 मीटर चौड़े पुल के दोनों तरफ 2.50 मीटर चौड़े पैदलपथ हैं। इस पुल को पहले 'सिग्नेचर ब्रिज' के नाम से जाना जाता था और अब उसका नाम बदलकर 'सुदर्शन सेतु' कर दिया गया है। अद्वितीय डिजाइन से बने इस सेतु के दोनों ओर बने पैदलपथ को श्रीमद्भगवद गीता के श्लोकों और भगवान कृष्ण की छवियों से सुसज्जित किया गया है। बेयट द्वारका ओखा बंदरगाह के पास एक द्वीप है, जो द्वारका शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर है जहां भगवान श्रीकृष्ण का प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर है। अधिकारियों ने बताया कि सेतु के निर्माण से पूर्व तीर्थयात्रियों को बेयट द्वारका तक पहुंचने के लिए नौका परिवहन पर निर्भर रहना पड़ता था और इस पुल के निर्माण से वे कभी भी यात्रा कर सकेंगे।



प्रधानमंत्री ने पंचकुई समुद्र तट पर 'स्कूबा डाइविंग' की

### समुद्र में डूबी भगवान कृष्ण की द्वारका नगरी के दर्शन

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को यहां गुजरात में पंचकुई समुद्र तट पर 'स्कूबा डाइविंग' की और पानी में डूबी भगवान कृष्ण की प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करने के साथ ही वहां पूजा-अर्चना भी की। मोदी ने कहा कि वहां प्रार्थना करना एक 'बहुत ही दिव्य अनुभव' था। सफेद डाइविंग हेलमेट और गेरुआ वस्त्र पहने मोदी समुद्र तल पर पालथी मारकर बैठे और हाथ जोड़कर भगवान की प्रार्थना की। इस दौरान नौसेना के गोताखोरों ने उनकी मदद की। इससे पहले मोदी हाथ में मोर पंख लिये वहां पहुंचे और उसे भगवान कृष्ण को अर्पित किया। पानी से बाहर आने के बाद मोदी ने कहा, 'साहस से कहीं अधिक, यह आस्था था।' 'स्कूबा डाइविंग' बेट द्वारका द्वीप के पास द्वारका के तट पर कराई जाती है, जहां लोग पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई 'समुद्र में डूबी' प्राचीन द्वारका के अवशेषों को देख सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'सुदर्शन सेतु' की छह साल पहले उन्होंने आधारशिला रखी थी और आज इसका उद्घाटन किया। यही 'मोदी की गारंटी है।' **भाषा**

## अब तीन महीने बाद मोदी करेंगे 'मन की बात'

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 'मन की बात' का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह 'नयी ऊर्जा' के साथ लोगों से मिलेंगे। इस कार्यक्रम की 110वीं कड़ी में मोदी ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने की संभावना जताई और पहली बार मतदान के पात्र युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान की अपील की। निर्वाचन आयोग के एमसीसी दिशानिर्देश सरकारों पर आधिकारिक कार्यक्रमों या सार्वजनिक-वित्त पोषित मंचों का उपयोग किसी ऐसी चीज के लिए करने पर रोक लगाती है, जिनसे सत्तारूढ़ पार्टी का प्रचार हो या राजनीतिक लाभ मिले। प्रधानमंत्री ने कहा, 'तीन महीने बाद इस कार्यक्रम की 111वीं कड़ी का प्रसारण होगा। अगली बार 'मन की बात' की शुरुआत 111 के शुभ अंक से हो तो इससे अच्छा भला क्या होगा।' अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में 'नारी शक्ति' की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने कहा कि आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है। उन्होंने कहा, 'महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है।' निर्वाचन आयोग के अभियान 'मेरा पहला वोट-देश के लिए' का उल्लेख करते हुए मोदी ने पहली बार मतदान के पात्र युवाओं से अधिक-से-अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'भारत को, जोश और ऊर्जा से भरी अपनी युवा शक्ति पर गर्व है। हमारे युवा-साथी चुनावी प्रक्रिया में जितनी अधिक भागीदारी करेंगे, इसके नतीजे देश के लिए उतने ही लाभकारी होंगे। मैं भी पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं से आग्रह करूंगा कि वे रिकार्ड संख्या में मतदान करें।'

## भारत-जापान का सैन्य अभ्यास शुरू

**भारत** और जापान ने आम सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए रविवार को राजस्थान के 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना और 'जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' के बीच अभ्यास 'धर्म गार्जियन' भारत-जापान सामरिक सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है और बारी-बारी से भारत व जापान में आयोजित किया जाता है। दोनों देशों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। भारतीय सेना ने कहा, 'अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग और संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए दोनों पक्षों की क्षमताओं को बढ़ाना है।' **भाषा**

# सिंघू–टीकरी सीमा पर हटाए बैरिकेड

**किसानों** के राष्ट्रीय राजधानी की ओर प्रस्तावित मार्च को रोकने के बाद दिल्ली पुलिस ने रविवार को सिंघू और टीकरी सीमाओं पर लगे बैरिकेड एक तरफ से हटा लिए हैं। इससे एक लेन पर यात्रियों की आवाजाही आसान हो जाएगी। दूसरी ओर हरियाणा के सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सवाएं बहाल कर दी गई हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हम यात्रियों के लिए पॉइंट-ए से पॉइंट-बी तक बैरियर का एक हिस्सा हटा रहे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती से 24 घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित होगी। बल की तैनाती यथावत रहेगी। फिलहाल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी।' शहर की पुलिस ने रविवार को उन यात्रियों के लिए दो विशाल सीमेंट अवरोधक हटा दिए, जो सिंघू और टीकरी सीमाओं पर एक छोटे मार्ग का उपयोग करके दिल्ली की ओर आते हैं।

दिल्ली पुलिस ने शहर के टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमा बिंदुओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है।

इस बीच, किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में करीब दो सप्ताह पहले निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवा रविवार को बहाल कर दी गई। अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में 11 फरवरी को सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं और 13, 15, 17, 19, 20, 21, 23 और 24 फरवरी को निलंबन की अवधि को बढ़ाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इन सात जिलों में मोबाइल सेवाओं के निलंबन की अवधि बढ़ाने के लिए कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है।



शंभू बॉर्डर पर आंदोलनरत किसान

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमरिंदर सिंह ने रविवार को खनौरी सीमा पर विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल हुए एक किसान के खिलाफ 'हिंसा के बर्बर कृत्य' के लिए हरियाणा पुलिस की निंदा की। खनौरी सीमा पर किसान फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गांरटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आग्रह किया। किसान नेताओं ने भी किसान प्रीतपाल सिंह को लगी चोटों को लेकर हरियाणा पुलिस पर निशाना साधा। प्रीतपाल का इस समय चंडीगढ़ के स्नातकोत्तर चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) में इलाज चल रहा है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मैं हमारे युवा किसान प्रीतपाल सिंह के खिलाफ हरियाणा पुलिस द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से आग्रह करता हूं कि उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए जो लोगों को लंगर परोस रहे एक निहत्थे युवक को बुरी तरह से पीटने के दोषी हैं।' **भाषा**